(c)The NTC purchases collon on credit terms Therefore, at any given point of time, there are always bound to be certain outstanding dues for payment. Moreover, the NTC has been facing severe shortage of working capital. However, in an attempt to reduce the old outstandings, the NTC has made payments of Rs, 665.68 lakhs in period of April-June, 1994, against the purchases worth Rs. 312.88 lakhs made in the same period.

भारतीय कालीन उद्योग

3795. **श्री गोविन्दराव आदिक:** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि कुछ पश्चिमी देशों ने भारतीय कालीन उद्योग के संबंध में गलत-फहमियां उत्पन्न कर दी है; और

(ख) यदि हां, तो इस दुष्प्रचार को रोकने के लिये सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जाने का प्रस्ताव है?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी. वेंकट स्वामी): (क) संयुक्त राज्य अमरीका तथा कुछ पश्चिमी देशों विशेषकर जर्मनी के कुछ भागों में भारतीय कालीन उद्योग में बाल श्रमिकों को लगाए जाने के संबंध में कुछ गलतफहमी उत्पन्न हुई है।

(ख) सरकार द्वारा इस प्रकार के हानिकर प्रचार को रोकने के लिये किये गये तथा किये जाने वाले प्रस्तावित उपाय इस प्रकार है:-

(1) उत्तर प्रदेश कालीन बैल्ट में स्वतंत्र रूप से सर्वेक्षण किया गया, जो यह दर्शाता है कि कालीन उद्योग में लगे हुये कुल श्रमिकों में से 3.6% अप्राधिकृत बाल श्रमिक हैं और उत्तर प्रदेश सरकार के माध्यम से क्षेत्र में करघों की गणना का कार्य किया गया;

(2) कालीन उद्योग में बाल श्रम कानूनों का सख्ती से लागू किया जाना;

(3) कालीनों के सभी निर्यातकों को कालीन निर्यात संवर्धन परिषद् (सीईपीसी) के पास अनिवार्य रूप से पंजीकरण करवाना, परिषद् द्वारा बाल श्रमिकों को लगाने के उन्मूलन के लिये स्वैच्छिक आचारसंहिता भी तैयार की गई है;

(4) कालीन उद्योग से हटाए गये बालकों को अनौपचारिक शिक्षा, व्यवसायिक प्रशिक्षण तथा अन्य लाभ प्रदान करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की सहायता से कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करना ;

(5) बाल श्रम से संबंधित अभिप्रेरित प्रचार का विरोध करने के लिये समुद्रपार जोरदार प्रचार तथा राजनयिक कार्रवाई प्रारम्भ करना, जिसमें संयुक्त राज्य अमरीका में कालीन निर्यात संवर्धन परिषद् का दो सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल भेजना शामिल है;

हथकरघा क्षेत्र के विकास हेतु योजनाओं का क्रियान्वयन

3796. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन:** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हथकरघा क्षेत्र के विकास और हथकरघा बुनकरों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन के संबंध में कोई सर्वेक्षण कराया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इन योजनाओं के वास्तविक लाभार्थियों की संख्या कितनी है; और

(घ) सरकार ने इन योजनाओं के तत्काल और प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिये क्या कदम उठाए है और इस प्रयोजन के लिये केन्द्रीय सरकार द्वारा राज्य सरकारों को कितनी राज सहायता दी गई है/दिए जाने का प्रस्ताव है?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी. वेंकट स्वामी): (क) और (ख) जी नहीं। तथापि विभिन्न वर्तमान योजनाओं के कार्यान्वयन का मूल्यांकन समय-समय पर राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्रों के परामर्श से किया जाता है।

(ग) विभिन्न हथकरघा योजनाओं के अंतर्गत गत तीन वर्षों के दौरान लाभार्थी बुनकरों की संख्या का विवरण इस प्रकार है:-

क्र. सं.	राज्य का नाम	शामिल बुनकर		
		1991-92	1992-93	1993-94
1.	निस्सहाय बुनकरों के लिए मार्जिन मनी	3,025	7,671	22,872
2.	जनता कपड़ा योजना	7,02,000	5,73,000	4,43,000
3.	प्रोजैक्ट पैकेज योजना	1,920	5,769	16,444
4.	एकीकृत हथकरघा ग्राम विकास योजना	700	2,200	2,867
5.	हथकरघा विकास केन्द्र/उत्कर्ष रंगाई इकाई की स्थापना की योजना	-	-	96,238
6.	कार्यशाला-सह-आवास योजना	-	12,790	12,018
7.	कल्याण पैकेज योजना	-	4,15,615	4,86,611

(घ) इन योजनाओं के प्रभावी और शीघ्र कार्यान्वयन के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों में अन्य के साथ-साथ समय-समय पर कार्यों की समीक्षा, राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्रों के परामर्श से कार्यों की समीक्षा, क्षेत्रीय स्तर पर अधिकारियों का भ्रमण, निर्धारित प्रोफोर्मा में रिपोर्ट प्रस्तुत करना आदि शामिल है। प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत गत तीन वर्षों के दौरान जारी की गई राशि और वर्ष 1994-95 के लिए किए गए प्रावधान का विवरण इस प्रकार है:-

(राशि लाख रुपयों में)

क्र. सं.	योजना का नाम	जारी की गई राशि			1994-95 के लिए
		1991-92	1992-93	1993-94	आवंटित राशि
1.	निस्सहाय बुनकरों हेतु मार्जिन मनी	30.75	132.47	285.04	300.00
2.	जनता कपड़ा योजना	12382.00	12165.45	12418.02	13600.00
3.	प्रोजैक्ट पैकेज योजना	180.00	357.115	837.54	
4.	एकीकृत हथकरघा ग्राम विकास योजना	65.70	221.60	362.45	1400.00
5.	हथकरघा विकास केन्द्र/उत्कर्ष रंगाई इकाई की स्थापना की योजना	-	-	1000.00	5000.00
6.	कार्यशाला-सह-आवास योजना	324.96	502.00	800.00	1020.00
7.	कल्याण पैकेज योजना	81.98	561.66	699.99	1000.00
8.	विपणन विकास सहायता योजना	5899.00	3977.00	5000.00	6700.00

हस्तशिल्प वस्तुओं का निर्यात

3797. श्री आस मोहम्मद:
श्री ईश दत्त यादव:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1993-94 के दौरान हस्तशिल्प वस्तुओं के निर्यात के लिये क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये थे और कितना लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान किन-किन देशों को हस्तशिल्प वस्तुओं का निर्यात किया गया;

(ग) इस निर्यात से कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई; और

(घ) हस्तशिल्प वस्तुओं के निर्यात हेतु नए बाजारों का पता लगाने के लिये क्या कदम उठाए गए हैं?

वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी. वेंकट स्वामी): (क) हाथ से बुने कालीनों सहित हस्तशिल्पों के निर्यात के लिए निर्धारित लक्ष्य तथा वर्ष 1993-94 के दौरान हुई उपलब्धियां इस प्रकार हैं:

(करोड़ रुपये में)

वर्ष	लक्ष्य	उपलब्धि
1993-94	3050.00	3360.20 (अनंतिम)

(ख) वर्ष 1993-94 के दौरान हाथ से बुने कालीनों सहित हस्तशिल्प की मदों का निर्यात मुख्यत: संयुक्त राज्य अमरीका, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, स्विट्जरलैण्ड, सऊदी अरब, इटली, नीदरलैंड, आस्ट्रेलिया, जापान तथा कनाडा को किया गया।